**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 28.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार समेत पांच लोगों की बारामती में हुए विमान हादसे में मौत, प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, मुख्यमंत्री और रक्षा राज्यमंत्री ने जताया शोक।**
2. **झारखंड विधानसभा का 18 फरवरी से 19 मार्च तक चलेगा बजट सत्र, कुल 17 दिन होंगी सदन की बैठकें, 24 फरवरी को वित्तीय वर्श 2026–27 का पेश होगा बजट।**
3. **राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी जिलों में प्रशासनिक तैयारियां हुईं तेज, मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के साथ सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम।**
4. **झारखंड उच्च न्यायालय ने ग्रामीण बच्चियों की विदेशों में हो रही तस्करी पर जताई चिंता, राज्य सरकार को इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने के दिए निर्देश।**
5. **पलामू पुलिस ने पांकी में अवैध मोबाइल फोन फैक्ट्री का किया खुलासा, दो व्यक्ति किए गए गिरफ्तार, बड़ी संख्या में ब्रांडेड कंपनियों के फर्जी मोबाइल फोन भी जब्त।**

**और अब समाचार विस्तार से**

********************

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का आज सुबह बारामती में विमान हादसे में निधन हो गया। नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है कि **वीएसआर** द्वारा संचालित लेयरजेट–45 वीटी–एसएसके विमान बारामती हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय ने बताया है कि विमान में सभी पांच लोगों की मौत हो गई है। इनमें उपमुख्यमंत्री के साथ दो कर्मी और दो विमान कर्मी सदस्य सवार थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

********************

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी से 19 मार्च तक चलेगा। सत्र के दौरान सदन की कुल 17 बैठकें होंगी। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी कार्यक्रम के मुताबिक राज्यपाल संतोष गंगावर के अभिभाषण के साथ 18 तारीख को सत्र की शुरुआत होगी। 20 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2025–26 का तृतीय अनुपूरक बजट और 24 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट सदन में पेश होगा। सत्र के दौरान सदन में कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाएंगे।

********************

राज्य में नगर निकाय को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष औऱ पारदर्शी तरीके से कराने के लिए सभी जिलों में प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई है। इस सिलसिले में मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने वर्चुअल माध्यम से शहरी क्षेत्र के सभी डीएसपी और पुलिस पदाधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था को लेकर बैठक की। उधर, धनबाद के उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने नगर निगम औऱ चिरकुंडा नगर परिषद चुनाव से संबंधित तैयारियों की जानकारी दी।

रामगढ़ के उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने बताया कि यहां चुनाव के लिए 98 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

********************

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय करने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम झारखंड राज्य में दूरसंचार क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं पर नजर डालते हैं।

********************

केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी के नए दिशा–निर्देश शिक्षा परिसरों में जाति आधारित भेदभाव को दूर करने के लिए हैं और इनका दुरुपयोग नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि यह केंद्र, राज्य सरकारों और यू.जी.सी. की जिम्मेदारी है कि भेदभाव के नाम पर कानून का दुरुपयोग न हो।

********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के ग्रामीण इलाकों की बच्चियों की सऊदी अरब समेत अन्य देशों में हो रही तस्करी और शोषण पर चिंता जताई है। न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद औऱ न्यायाधीश अरूण कुमार राय की खंडपीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी कहा कि ग्रामीणों को भी जागरुक करने की पहल होनी चाहिए।

********************

गढ़वा जिले में शैक्षणिक और सह शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए **पढ़ेगा गढ़वा– बढ़ेगा गढ़वा** अभियान की शुरुआत हुई है। जिले के उपायुक्त दिनेश यादव ने इस अभियान का शुभारंभ किया।उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों कर्मियों और शिक्षकों से सकारात्मक ऊर्जा के साथ कार्य करने को कहा, ताकि शैक्षणिक कार्यक्रमों को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सके।

********************

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी आज दोपहर आधा प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। ताजा समाचार मिलने तक सेंसेक्स 280 अंक बढ़कर 82 हजार 133 और निफ्टी 100 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 25 हजार 274 पर था।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 48 हजार 3 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत तीन लाख 62 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

पलामू पुलिस ने पांकी थाना क्षेत्र के खाप गांव में अवैध मोबाइल फैक्ट्री का खुलासा किया है, जहां ब्रांडेड कंपनियों के नाम से फर्जी मोबाइल फोन निर्माण किए जाते थे। जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि अवैध मोबाइल फैक्ट्री चलाने के आरोप में दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी के साथ 112 मोबाइल का मदरबोर्ड, फर्जी ब्रांडेड कंपनियों के 335 मोबाइल फोन और कई अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

********************

सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में दो युवकों की हुई हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों युवक इस महीने की 12 तारीख से लापता थे। जिले के पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर शव बरामद कर लिये गये हैं।

*****************